तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार, 31 मार्च 2024



12 गर्मी की तपिश के बीच स्कूल जा रहे मासूम, परीक्षा बाद...





13 शहडोल के रूपोंद सेक्शन पर तीसरी लाइन का...






## विरोध : ग्राम पंचायत कुसुमकसा की ग्रामसभा ने पास किया है अस्पताल निर्माण का प्रस्ताव

# अस्पताल के लिए आरक्षित भूमि पर कांप्लेक्स निर्माण का विरोध, ग्रामीणों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसुमकसा

ग्राम पंचायत कुसुमकसा में प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा भवन की बाउंड्रीवाल को तोड़कर अवैध दुकान निर्माण कराए जाने का आरोप लगाते हुए कुसुमकसा के पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने निर्माणाधीन भवन के सामने धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। इससे पहले ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर अधिकारियों को आवेदन सौंपा था। वहीं, तीन दिन पूर्व दिए गए आवेदन पर प्रशासन द्वारा तरफ से किसी प्रकार का पहल नहीं किए जाने पर आक्रोशित पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्माणाधीन भवन के सामने धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए। इस दौरान सरपंच शिवराम सिन्द्रामे ने ग्रामीणों को बताया कि प्राथमिक लघु प्राथमिक सहकारी समिति कुसुमकसा के पदाधिकारियों द्वारा अवैध दुकान कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए किसी अन्य व्यक्ति को पगड़ी पर जगह देने की जानकारी मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि उक्त दुकानों का कॉम्प्लेक्स किसी व्यक्ति द्वारा अपनी निजी राशि से कराया जा रहा है। उक्त अवैध निर्माण को तोड़ने के लिये तहसीलदार से लेकर उच्चाधिकारियों तक अपील की गई, किन्तु पंचायत की जमीन होने और ग्रामसभा के प्रस्ताव के बाद भी कानूनी लड़ाई लड़ते काफी समय हो गया है। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता समिति में कुसुमकसा का एक भी व्यक्ति नहीं है। श्री सिन्दरामे ने कहा कि उक्त जगह पर 20 बिस्तरीय अस्पताल का निर्माण होना प्रस्तावित है। अस्पताल के लिये जगह कम न पड़े, इसलिए उक्त अवैध निर्माण को हटाना आवश्यक है।

■ पंचायत द्वारा प्रशासन से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश


### प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित द्वारा किया जा रहा है कांप्लेक्स निर्माण



### 4 अप्रैल को चक्काजाम की चेतावनी

धरना-प्रदर्शन के दौरान संजय बैस जनपद सदस्य, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य ,पंवाराबाई कोठारी, प्रेमचंद जैन सहित अन्य ग्रामीणों ने भी निर्माणाधीन कांप्लेक्स को तोड़ने व अस्पताल निर्माण के लिए जगह सुरक्षित रखने पर जोर दिया। इसके साथ ही उपस्थित ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति द्वारा अवैध निर्माण को तोड़कर जमीन ग्राम पंचायत को सौंपने की मांग को लेकर 4 अप्रैल को कुसुमकसा के समस्त व्यापारिक प्रतिष्ठान बन्द कर चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर शिवराम सिन्द्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, संजय बैस जनपद सदस्य, दीपक यादव उपसरपंच, पंचगण पुनारद, प्रेमचंद जैन, नितिन जैन, राधेश्याम चुरेन्द्र, शशि उइके, जयंत्री नेताम, राजेन्द्र पोटाई, खेमिन निर्मलकर, निर्मला जगनायक, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, शमशेर खान, बोधराम साहू, लोकनाथ साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिला अस्पताल की ओपीडी में 400 पार मरीजों की संख्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद




■ सड़क दुर्घटनाओं व मारपीट में घायलों के साथ गर्मी के कारण बीमार भी पहुंच रहे अस्पताल

रंगों का त्यौहार होली के बाद जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। बीते तीन दिनों में अस्पताल की ओपीडी के लिए पहुंचने वाले मरीजों की संख्या 400 के पार पहुंच गई है। होली का त्यौहार मनाने के बाद अस्पताल खुलने के एक दिन बाद से ही जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगना शुरू हो गई है। इसका मुख्य कारण त्यौहार पर अवकाश रहने व लगातार मौसम के बदलते रहने को माना जा रहा है। त्यौहार की वजह से अवकाश रहने के बाद जिला अस्पताल की सेवाएं मंगलवार से शुरु हो गईं।

हालांकि उपचार के लिए पहुंचने वालों में ज्यादातर सड़क दुर्घटना या मारपीट जैसे घटनाओं में घायल होने वाले लोग थे। लेकिन, बुधवार को ओपीडी शुरु होते ही जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी और देखते ही देखते ओपीडी मरीजों की संख्या 300 के बजाए 400 से पार हो गई थी। कमजोरी, ब्लड की कमी, पेट दर्द व अत्यधिक शराब सेवन मरीज, हड्डी रोग, दंत रोग, चर्मरोग, कान से संबंधित समस्या, सर्दी-खांसी तथा बुखार सहित रूटीन जांच के मरीज पहुंचे।

होली त्यौहार के बाद से गर्मी तेज हो गई। ऐसे में उमस भरी गर्मी की वजह से कई तरह की मौसमी बीमारियों की शिकायत लेकर लोग लगातार अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के अलावा प्राइवेट क्लिनिक में भी मरीजों की भीड़ देखी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### छात्रवृत्ति परीक्षा में दो बच्चे हुए सफल

**बालोद।** केंद्रीय क्षेत्र की योजना राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना 2024 में सिरसिदा स्कूल से दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है।
परसदा संकुल केन्द्र के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिरसिदा के 2 विद्यार्थी रुही और योगिता देवांगन का चयन हुआ है। इस स्कूल से शिक्षकों के मार्गदर्शन में सत्र 2010 से लगातार अब तक 25 बच्चों का चयन हो चुका है, बालोद जिले में कुल 1393 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें जिले से 108 बच्चों का चयन हुआ है।

### परमेश्वरी भवन में आज विविध आयोजन

**बालोद।** ब्लॉक देवांगन समाज बालोद के तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय वार्षिक अधिवेशन, होली मिलन समारोह एवं ब्लॉक पदाधिकारी के त्रिवर्षीय चुनाव का आयोजन आज 31 मार्च को मां परमेश्वरी सामुदायिक भवन आमापारा बालोद में किया गया है। संघ ने ग्राम इकाई, नगर इकाई, ब्लॉक देवांगन समाज बालोद के समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारी एवं महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ के सदस्यों को प्रातः 9 बजे मां परमेश्वरी सामुदायिक भवन आमापारा बालोद में उपस्थित होने की अपील की है।

### आज योगी समाज की बैठक

**बालोद।** योगी समाज द्वारा मई में गुरु गोरखनाथ जयंती मानने के संबंध में आज दोपहर 3 बजे नाथ योगी समाज भवन नयापारा में बैठक रखा गया है। प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर नाथ योगी ने समस्त नाथ योगी समाज को उपस्थित होने की अपील की है।

### आर्म्स एक्ट के तहत युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** लोहे का धारदार हथियार लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तापर किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर ट्रेनी डीएसपी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर धमधा रोड कलश चौक के पास संतराबाडी वार्ड 5 निवासी शिवम सोनी धारदार हथियार लेकर खडा था। हर आने जाने वालो को डरा धमका रहा था। पुलिस ने तुंरत उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 19 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**भिलाई।** कोतवाली पुलिस ने ने 19 साल पुराने बेमियादी गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ा है। जिसे न्यायालय में पेश किया है। दुर्ग कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि हरेंद्र सिंह नाग न्यायिक न्यायाधीश प्रथम श्रेणी जिला दुर्ग में एक पुराने मामले के स्थाई वारंटी पंचशील नगर दुर्ग निवासी बलराम सोनी 62 वर्ष का वारंट मिला था।



# चेक पोस्ट में प्रत्येक वाहनों की हो कड़ी जांच : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के पुरूर, मरकाटोला एवं कंकालीन चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण कर इन चेकपोस्ट में तैनात एफएसटी एवं एसएसटी टीम के कार्यों का अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने चेकपोस्ट में तैनात अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी टीम द्वारा प्रतिदिन की जा रही रिर्पोटिंग चेक किया। कलेक्टर ने टीम को प्रत्येक वाहनों की सघनता से जांच करने, सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को पूरे समय चौकन्ना रहकर ड्यूटी करने कहा। इसके साथ ही निर्वाचन के दौरान अवैध रूप से नकदी, शराब अथवा अन्य कोई भी सामान जो कि मतदाओं को प्रलोभन के लिए दिया जा सकता है, उसकी रोकथाम भी सुनिश्चित की जा सके। चन्द्रवाल ने अधिकारी–कर्मचारियों को पूरी जांच प्रक्रिया का अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराने को कहा।

# एनएमएमएसई परीक्षा में 7 बच्चे हुए सफल



हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

दुर्ग जिले के पाटन ब्लाक के मीडिल स्कूल सुरपा से इस वर्ष भी राष्ट्रीय छात्रवृत्ती परीक्षा में 7 बच्चों ने सफलता प्राप्त किया है। इसमें छात्र भावेंद्र कुमार, लुमेश कुमार, सागर कुमार, गोपीका ठाकुर, हिना बघेल, जागृति, टिकेश्वरी शामिल है।

परीक्षा भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रलय शालेय शिक्षा द्वारा आयोजित की जाती है, जिसका क्रियान्वयन राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा किया जाता है। एनएमएमएसई परीक्षा के नोडल शिक्षक मुकेश कुमार साहू ने बताया कि इस छात्रवृत्ति परीक्षा में मानसिक व शैक्षिक योग्यता पर आधारित दो प्रश्न पत्र होते हैं, जो 90–90 नंबर के होते हैं, जिसमें क्वालीफाइंग नंबर लाना अनिवार्य होता है। इस परीक्षा में 8वी में अध्ययरत छात्र-छात्राएं शामिल होते है। जिनके पालकों की आय तीन लाख से कम होती है। चयनित छात्र–छात्रओं को प्रतिवर्ष 9वीं से 12 तक 1,000 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से 12000 रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। परीक्षा में चयनित सभी छात्र–छात्रओं को शिक्षक एमके साहू, प्रधानपाठक केएल साहू, एस. गुप्ता, ओपी सोनवानी तथा संकुल सुरपा के सीएसी एवं प्राथमिक एवं हाई स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।


शुभम के मार्ट
शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके!
SUMMER SURPRISE OFFERS
शक्कर 1 किलो शुभम मूल्य ₹40
HMT पोस्टमैन राइस 1 किलो MRP ₹99 शुभम मूल्य ₹55
एबिस सोयाबीन आयल 1 ली. शुभम मूल्य ₹103
तुअर दाल राजभोग 1 किलो MRP ₹190 शुभम मूल्य ₹146
पारले रस्क इलाइची प्रीमियम 1 किलो MRP ₹200 शुभम मूल्य ₹99
शुद्ध आटा 5 किलो MRP ₹210 शुभम मूल्य ₹164
आशीर्वाद शुद्ध चक्की आटा 5 किलो MRP ₹258 शुभम मूल्य ₹210
ब्रूक बांड रेड लेबल 1 किलो MRP ₹510 शुभम मूल्य ₹383
धौलपुर शुद्ध देशी घी 900 ml MRP ₹580 शुभम मूल्य ₹399
मोर्टिन इंस्टा मॉस्किटोस रिफिल 45ml MRP ₹85 शुभम मूल्य ₹77 FREE ₹40 का डेटॉल साबुन मुफ्त
डर्मी कूल प्रिकली हीट मेन्थॉल/लेवेंडर/सैंडल पाउडर 150 ग्राम MRP ₹130 शुभम मूल्य ₹110 FREE ₹50 की डर्मी कूल पाउडर मुफ्त
मैगी रिच टोमेटो केचप 1 किलो MRP ₹160 शुभम मूल्य ₹145 FREE ₹56 की मैगी नूडल्स मुफ्त
घड़ी डिटर्जेंट पाउडर 4 किलो MRP ₹350 शुभम मूल्य ₹290 FREE (बाल्टी मुफ़्त) 11ltr
Glucon-D टैंगी ऑरेंज - 1 kg MRP ₹380 शुभम मूल्य ₹323 FREE ₹160 का सिपर मुफ्त
पेप्सी/मिरिंडा/7अप 2.25 ली. MRP ₹100 शुभम मूल्य ₹65 per pc
*नियम एवं शर्तें लागू;
नियम एवं शर्ते लागू: सभी ऑफर सूचना के बिना बदलाव के अधीन हैं | ऑफर स्टॉक रहने तक। दिखाये गए उत्पादों के ग्राफिक्स केवल सांकेतिक मात्र है | ऑफर स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं | सभी मदभेद केवल रायपुर अदालत के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं | सभी क्रेडिट, डेबिट , सोडेक्सो एवं यूपीआई से भुगतान स्वीकार किये जाते हैं |
सुमीत बाजार बालोद, आकांक्षा टॉवर-9109155688
customercare@shubhamkmart.com | +91 9109199110 | FOLLOW US ON:



संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर संघोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
• ब्लड प्रेशर • बुखार • पेट रोग
• शुगर • खांसी • किडनी
• थायराइड • छाती रोग • लकवा
• माइग्रेन
• श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या • नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



NEET एवं JEE एक जूनून है और GOAL इसकी शुरूआत!
GOAL® Educational Services Pvt. Ltd. Nation's Leading Institute
Admission Open
FOUNDATION: 9th|10th|11th|12th Board with NEET / JEE Classes Starts on 01st & 05th April 2024 DEMO CLASS
CRASH COURSE: Classes Started 27th March & 01st April 2024 NEET / JEE 2024
SUMMER COURSE: 11th & 12th Board with NEET / JEE Classes Starts on 15th April
DROPPER BATCH: NEET / JEE 2025 Registration Open
FEATURES
• यह संस्थान छात्रों के लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक सटीक योजना एवं रणनीति के साथ छ.ग. में 1700 छात्रों को सफल डॉक्टर बनाने में 17 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। (Result Oriented Study & Experience)
• यह संस्थान जहां अनुभवी शिक्षक व कुशल सक्षम एवं समर्पित प्रबंधन टीम है (Management Team)
• यह संस्थान में जहां छात्रों को बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ उनका (Care System) बेहतर है।
• यह संस्थान में जहां छात्रों की पढ़ाई एक प्रतिस्पर्धात्मक (Compititive) माहौल है।
• यह संस्थान में जहां छात्रों की English एवं Hindi Medium के लिए Separate Faculty & Separate Batch उपलब्ध है। जिससे छात्रों को Medium की परेशानी नहीं होती है।
• यह संस्थान में जिसका Acadmic Programe में सही समय पर Syllbus की समाप्ति, उसका रिविजन, टेस्ट प्रोग्राम तत्पश्चात डिस्कशन, डाऊट क्लासेस एवं सपोर्ट की अच्छी व्यवस्था दिया गया है।
BHILAI 166, NEW CIVIC CENTRE, PH- 0788-4013502, 7415884100
BHILAI GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI, PH- 0788-4040300, 7772060999
BHILAI 139, ZONAL MARKET, SECTOR-10, PH- 9826943595 0788-4064100
RAIPUR BESIDE VIDYA HOSPITAL, SHANKAR NAGAR, PH- 0771-4060711
website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

BLD_BHOOMI_30_2024-02_Layout 1 3/30/2024 10:04 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षणों की प्रस्तावित कार्य योजना तैयार की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीके दुबे से मिली जानकारी अनुसार 06 अप्रैल को बीआईटी भिलाई साइंस कालेज दुर्ग में पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 का प्रथम प्रशिक्षण, 07 अप्रैल को बीआईटी भिलाई में डाक मतपत्र, 13 एवं 14 को बीआईटी भिलाई साइंस कालेज में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 01, 15 अप्रैल को बीआईटी भिलाई में माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम प्रशिक्षण एवं कमिशनिंग टीम का प्रशिक्षण, 27 व 28 अप्रैल को बीआईटी में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 29 अप्रैल को बीआईटी में माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण, 02 मई को मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी टीम का प्रशिक्षण, 03 व 04 मई को बीआईटी में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 का तृतीय प्रशिक्षण, 30 व 31 मई को बीआईटी भिलाई में माइक्रों ऑब्जर्वर सहित मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण और 03 जून को बीआईटी में माइक्रों ऑब्जर्वर सहित मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण आयोजित की जाएगी।

### अवकाश स्वीकृति के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले के लिए समस्त प्रकार के अवकाश की स्वीकृति हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग अश्वनी देवांगन को नोडल अधिकारी अवकाश स्वीकृति नियुक्त किया है। आदेशानुसार नोडल अधिकारी सीईओ श्री देवांगन को लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक अवकाश के संबंध में प्राप्त समस्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत शासन के दिशा-निर्देशों, रियायतों के अंतर्गत निराकरण की कार्यवाही सुनिचित करने कहा गया है। आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है।

### न्योता भोजन पाकर बच्चों में दिखी खुशी

**अंडा।** पीएम श्री शा प्रा शाला विनायकपुर में प्रधान पाठक टीकेन्द्र चन्द्राकर द्वारा अपने जन्मदिन की खुशियों को शालेय बच्चों के साथ मनाया। छत्तीसगढ़ शासन महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन के अंतर्गत बच्चों को खीर, केला और चाकलेट का वितरण किया गया। कक्षा पहिली से कक्षा पांचवीं तक सभी बच्चे अपनी थाली में खीर पाकर आनंदित हुए साथ ही शारीरिक पोषण में भी लाभकारी हुआ। टीकेन्द्र चन्द्राकर ने बच्चों के मध्य अपने बचपन को याद कर अभिभूत हुए। उक्त कार्यक्रम में संध्या शिवरामवार प्रधान पाठक पूमाशा, ललिता भूषण गजपाल सरपंच ग्राम पंचायत विनायकपुर, निलेश साहू अध्यक्ष प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति, स्मृति सोनी अध्यक्ष पूमाशा प्रबंधन समिति, देवेन्द्र देशमुख, लक्ष्मी साहू, नरेश कुमार गायकवाड़, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, रामेश्वरी रायते, उषा सिन्हा, भारती देशमुख, दिनेश देशमुख आदि उपस्थित थे।

# गर्मी की तपिश के बीच स्कूल जा रहे मासूम, परीक्षा बाद भी राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

गर्मी का पारा मार्च में ही तांडव करने लगा है। पारा 38 डिग्री के पार हो गया है। लेकिन इसके बाद भी स्कूल के पट खुले है। जिसके चलते मासूम इस गर्मी में झुलसने को मजबूर हो गए है। बहरहाल प्राथमिक से लेकर माध्यमिक और बारहवी तक की परीक्षा पूरी हो चुकी है। इसके बाद भी हालात खराब करने वाले गर्मी में स्कूल लग रही है। गर्मी को देखते हुए पालक अब स्कूल बंद करने की मांग भी करने लगे है। उल्लेखनीय हैं कि, पहली से लेकर दसवी व बारहवी तक सभी परीक्षा हो चुकी है। इसके बाद भी राज्य के शिक्षा संचालक द्वारा राहत देने का प्रयास नही किया जा रहा है।

परीक्षा होने के बाद भी शिक्षको को रिजल्ट आने के पहले परीक्षा दिए गए क्लास के कोर्स को रिवीजन करने कहा जा रहा है। इस चक्कर में पहली से आठवी और नवमी और ग्याहवी के छात्रों को स्कूल आना पड रहा है। बहरहाल गर्मी का पारा दुर्ग में 38 डिग्री को पार करने लगा है। मौसम विभाग की माने तो आने वाले दिन में गर्मी का पारा और भी बढेगा। ऐसे में स्कूल में बच्चों को राहत देने कोई कदम नही उठाए जा रहे है।

**मार्च में ही गर्मी का प्रचंड रूप, लोग घरों से निकलने कर रहे परहेज**

#### परीक्षा हुए सप्ताहभर बीत गया

पहली से लेकर बोर्ड की परीक्षा संपन्न हुए सप्ताहभर का समय हो चुका है। इसके बाद भी स्कूल लग रहे है। हरिभूमि ने गुरूवार को शहर के ऐसे कई स्कूलों की पडताल भी की, जहां बच्चे धूप में खेलते नजर आ रहे है। ऐसे में बच्चों के स्वास्थ्य पर इसका विपरित प्रभाव पड सकता है। गर्मी के चलते अभी से ही दोपहर के बाद लोग घरों से निकलने परहेज करने लगे है। ऐसे में मासूमों को स्कूल भेजने पालक मजबूर है।



#### नौनिहाल को भी राहत नहीं

जिले में शिक्षा विभाग के आलावा आंगनबाडी केन्द्रों में भी नौनीहाल हालाकान हो गए है। आंगनबाडी सुबह साढे नौ बजे से दोपहर साढे तीन बजे तक लग रहा है। राज्य शासन कम से कम नौनीहालों को राहत दे, ऐसे मांग उठने लगी है। गर्मी को देखते हुए पालक अपने जिगर के टुकडे को भेजना नही चाह रहे है। ऐसे में आंगनबाडी का संचालन भी सुबह किए जाने की मांग की जा रही है।

## छापा : उन्नीस घंटे की कार्रवाई में लाखों के सामान जब्त, फैक्ट्री भी सील

# फैक्ट्री से 57.12 लाख का दूध पाउडर फूड ऑइल, यूरिया व एसिड बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पाटन ब्लाक के ग्राम देमार में स्थित दुध फैक्ट्री से औषधि प्रशासन विभाग के अफसरों को व्यापक पैमाने पर प्रतिबंधित सामग्री और लाखों रूपए का दूध पाउडर, तेल का टीन, पाम आइल सहित कास्टिक सोडा और एसिड मिले है। जिसकी कीमत 57.12 लाख रूपए से अधिक है। अफसरों की टीम ने जांच के बाद फैक्ट्री का सील कर दिया है, वही सैंपल रिपोर्ट आने के बाद बडी कार्यवाही के संकेत है। इसके आलावा दो अन्य मामले में भी कार्यवाही की गई है।

बुधवार को करीब तीन बजे आधी रात को विभाग के अफसरों ने अलग अलग टीम बनाई थी। इस दौरान पाटन थाने से शिकायत मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। थाने के पास ग्राम देमार से खाद्य सुरक्षा अधिकारी खीरसागर पटेल द्वारा पनीर, गाय भैंस का मिश्रित दूध मिल्क पावडर व पाम आयल नमूना लिया गया। साथ ही मिल्क पावडर 550 बोरी मुल्य 38.50 लाख, पाम आयल 784 टीना मुल्य 12-5 लाख व कास्टिक सोडा 4 बोरी यूरिया 1 बोरी 48 लीटर एसिटिक एसिड महिल कुल 57.12 लाख के मुल्य के समाग्री को सीज किया गया है। हांलाकि टीम के अफसर कुछ कहने से बच रहे है। उनके द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई है।

**आम लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़, जिलेभर में जांच की जरूरत**



#### वाहनों में भी पकड़े गए वहीं सामान

देमार फैक्टी के आलावा पाटन थाने के पुलिस ने एक मेटाडोर वाहन को पकडा था। रात्रि गस्त के दौरान मिनी मेटाडोर जिसमे खाद्य पदार्थ दुध पावडर (अनुमानित 25 बोरी, प्रति बोरी 25 किलो और पाम तेल 10-12 टीना) उस गाड़ी से प्राप्त हुए। वाहन चालक से पूछे जाने पर बताया कि, वह गाड़ी पाटन से अंडा लेकर जा रहा था। जहां वह इन सामानों से दूध बनाता है और उस दूध से पनीर का उत्पादन करता है। इस तरह देमार फैक्ट्री में जो सामान मिले वही मेटाडोर में पाए गए।


#### स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सामान मिले

ग्राम देमार में दूध फैक्ट्री संचालित हो रही थी। जिसका मालिक नावेद खान रायपुर का रहने वाला बताया गया है। देमार में संचालित दूध कारखाने में यह पाया गया कि, लगभग 500 बोरी दूध के पैकेट और कई मात्रा मे पाम आयल के तेल टीना साथ ही कई अन्य रसायन जैसे की एसिटिक एसिड यूरिया सल्फ्यूरिक एसिड जैसे रसायन भी देखने को मिले। यह एसिड स्वास्थ्य को जला सकता है। ऐसे में इसका यहां मिलना कई सवाल को जन्म दे रहा है। कारखाने में निर्मित पनीर एवं दूध का विधिक नमूना लिया गया है तथा इस नमूने को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर मे गुणवता जांच करने भेजा गया है।

#### उन्नीस घंटे की कार्वाई

टीम द्वारा बुधवार को रात तीन बजे दबिश दी गई। यहां जांच गुरूवार को रात दस बजे तक चलता रहा। इस तरह करीब उन्नीस घंटे अफसर जांच करते रहे। देमार फैक्ट्री के आलावा एक टीम ने ग्राम अंडा में नगद दूध खरीदी केन्द्र से खाद्य सुरक्षा अधिकारी ऋचा शर्मा द्वारा पनीर, मिल्क पावडर व पाम आयल एवं मां दुर्गा डेयरी वार्ड 37 भिलाई से पनीर का नमूना लिया गया। साथ ही अंडा में मिल्क पावडर 20 बोरी मुल्य 1.40 लाख, पाम आयल 7 टीना मुल्य 11200 रूपए का कुल 151200 के मुल्य के समाग्री को सीज किया गया है। इन तीन फर्मों से कुल 8 नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है।

# विधायक से मुआवजा राशि दिलाने की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भोई इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर, रसगडा में स्थापित जेडी स्टील प्राइवेट लिमिटेड में विगत दिनों कार्य के दौरान एक श्रमिक के भट्टी में गिरने से उसकी मृत्यु हो गयी। उक्त घटना से उक्त कंपनी में कार्यरत श्रमिक आक्रोशित हो काम बंद कर दिया गया। उसी बीच सम्पूर्ण घटना की जानकारी एवं पीड़ित पक्ष को न्याय व उचित मुआवजा के दुर्ग चानीण विधायक ललित चंद्राकर को भाजपा अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू एवं भाजपा मजदूर मोर्चा के पूर्व दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष रामखिलावन यादव (पूर्व सरपंच रसमढ़ा) द्वारा दी गई। विधायक ने जेजे स्टील कंपनी के मालिक अभिषेक गोयल से मोबाइल से बात कर पीड़ित पक्ष को 15 लाख मुआवजा व परिजन को नौकरी देने सहित श्रम-कानून के तहत जो भी देनदारी बनता के लिए निर्देश दिए थे। जिसे कंपनी मालिक गोयल ने सहमति प्रदान की थी। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजोरा (ख) गिरेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मजदुर मोर्चा दुर्ग ग्रामीण व पूर्व सरपंच राम खिलावन यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता गरीबाराम तांडी, करण निर्मलकर, भाजयुमो नेता चकवर मिश्रा, रामनारायण (मोटू) निषाद एवं रोशन निर्मलकर शामिल थे।

## आज भाजपा का विजय पताका अभियान

**दुर्ग।** भाजपा के मिशन 400 पार के तहत लोकसभा चुनाव में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्व में सरकार बनाने पार्टी के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत 30 मार्च को भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में विजय पताका अभियान के तहत कमल का झंडा लगाकर केंद्र में फिर भाजपा का सरकार बनाने का संकल्प लेंगे। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को सूचित किया गया है। झंडा लगाने के कार्यक्रम में प्रत्याशी व सांसद विजय बघेल भी विभिन्न क्षेत्र में शामिल होंगे। जिसके तहत कल सुबह 11 बजे अंजोरा 12 बजे चंगोरी, दोपहर 2 बजे झंडारोहण करेंगे तथा दोपहर 3 चरोदा में झंडा लगाएंगे।

# अंडा में आज से फाग प्रतियोगिता

**दुर्ग।** होली पवन पर्व के अवसर पर युवा गणेश उत्सव समिति एवं ग्राम वासियों के सहयोग से आबादी पारा ग्राम अंडा में 30 व 31 मार्च 2024 को भव्य फाग झांकी एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी प्रतिभागी टीम के लिए प्रवेश शुल्क 201 रुपए रखा गया है। विजेता मंडलियों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 7001/ रु., द्वितीय 5001/ रु., तृतीय 3001/, चतुर्थ 2001/ रु., पंचम 1501 रु., षष्ठम 1001/रु., सप्तम 501/रु. की नगद राशि एवं झांकी वर्ग के लिए एवं गायन वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 4001/, द्वितीय 3001/,तृतीय 2001/, चतुर्थ 1001/रु.,पंचम 501 रु.,षष्ठम 401/ रु.का पुरस्कार राशि समिति द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में मंच संचालन ग्राम अंडा निवासी खिलेंद्र कुमार यादव नई दिल्ली से सम्मान प्राप्त उदघोषक द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी साहिल चौहान जीतू साहू उत्तम चंद्राकर द्वारा दी गई है।

## आल इंडिया गेट रैंक में मोरध्वज ने बढ़ाया समाज का मान

**दुर्ग।** गेट की परीक्षा पुरे देश भारत स्तर में होता है। जिसमे



जो इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले या पढ़ चुके है, सिर्फ वे ही पात्र होते है। आल इंडिया गेट रैंक 477 परीक्षा में मोरजध्वज निषाद, पिता राजकुमार निषाद का चयन हुआ है। उनके पिता कृषि कार्य करते है एवं संगठन सचिव है। उनकी माता देवकी निषाद का कहना है कि, उनके बेटे के चयन से बेहद खुश है। छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के तरफ से मोरजध्वज निषाद को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

# भाजपा के बूथ विजय अभियान का आगाज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा के बूथ विजय अभियान के तहत दुर्ग जिला भाजपा के जेवरा सिरसा मण्डल में लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु ग्राम रवेलीडीह के गोड़वाना भवन में विगत दिनों शक्ति केंद्र प्रभारी व बूथ अध्यक्ष की कामकाजी बैठक आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर बैठक प्रभारी संतोष सोनी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर विभिन्न



बिन्दुओं पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए संगठन के करणीय कार्यों को जमीनी स्तर पर करने हेतु टिप्स दिए। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष जीतेन्द्र यादव ने की एवं संचालन महामंत्री मिथिलेश कश्यप ने तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री भीषम मढरिया ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मण्डल अध्यक्ष बलदेव निषाद, सांसद प्रतिनिधि प्रेमलाल नायक, जिला कार्यसमिति सदस्य सचिन्द्र राजपूत, अश्वनी टंडन, दिलीप वर्मा, गुलाब साहू, प्यारी बाई पवार, केसर गौर, सरपंच सुनीता दुबे, लक्ष्मी कुम्भकार, नूतन, पूसऊ ठाकुर सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आज राजीव भवन में कांग्रेस का सम्मेलन, आएंगे पूर्व सीएम बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

लोकसभा चुनाव को लेकर आज दुर्ग मुख्यालय स्थित राजीव भवन में कांग्रेस का सम्मेलन रखा गया है। इस सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेष बघेल सहित कांग्रेस के दिग्गज आएंगे।

- **लोकसभा चुनाव को लेकर चलेगा मंथन**

सम्मेलन में चुनाव को देखते हुए पूर्व सीएम कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने हेतु सम्बोधित करेंगे। इधर दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू को



विजय बनाने दुर्ग शहर में हर वार्ड दौरा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा सभी वार्डो में बैठक ले रहे है।

बैठक में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, महापौर धीरज बाकलीवाल, राजेश यादव क्षितिज चन्द्राकर, परमजीत सिंह भुई, ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, महिप भुवाल, राजकुमार साहू, सुशील भारद्वाज, अनूप वर्मा, सुमीत वोरा, संदीप वोरा, कन्या ढीमर, रत्ना नारमदेव, निकिता मिलिंद, दीपक जैन, हेमा साहू, आनंद ताम्रकार, चंद्रमोहन गभने, दीपक साहू, शंकर ठाकुर, अनूप चंदनिया, भास्कर कुंडले, प्रकाश जोशी, ज्ञानदास बंजारे, पोषण साहू, विकास यादव, बृजमोहन तिवारी, प्रेमलता साहू, विवेक मिश्रा, विनीश साहू, अशोक मेहरा, संदीप बक्शी, बिंदु राजपूत, जमुना साहू, संजू धनकर, शकुन ढीमर, निर्मला साहू, श्रद्धा सोनी, पार्वती शेंडे, उषा ठाकुर, भूपेंद्र सेन उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय मानस गान स्पर्धा आज से

**दुर्ग।** श्री कुंदकेश्वर महादेव महिला मानस परिवार व मोहल्लेवासियों के सहयोग से न्यू शिवमंदिर प्रभु चौक चारडबरी गिरधारी नगर वार्ड 9 में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता 30 व 31 मार्च से आयोजित है। मुख्य अतिथि विधायक गजेंद्र यादव होंगे। कार्यक्रम में पार्षद बिरेंद्र भारध्वाज, पूर्व पार्षद शंभु पटेल, रुपनारायण दुबे, पं. पीलेन मिश्रा, ललिता यादव मौजूद रहेंगे।

## ग्रीष्म ऋतु में मौसमी बीमारियों से बचाव की अभिनव पहल

# महामारी को रोकने जिले के 31 गांव का चयन, बनी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं डॉ. जेपी मेश्राम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान लू, उल्टी-दस्त, पीलिया, तथा वेक्टर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया के रोकथाम व बचाव हेतु समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों तथा शहरी खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं सुपरवाईजरों, मैदानी स्तर के ए.एन.एम., स्टाफ नर्स, एम.पी.डब्लू, मितानिनों को निर्देशित कर तैयारियां की जा चुकी है।

- **39 रैपिड रिस्पांस टीम का किया गया गठन**

जिसके अंतर्गत जिले के महामारी संभावित ग्रामों का चिन्हांकन किया गया है, जिसमें कुल 31 (विकासखंड पाटन-16, निकुम-03, धमधा-12) ग्राम शामिल हैं। संक्रामक बीमारियों को आईएचआईपी ऑनलाईन पोर्टल में रियल टाईम डाटा एंट्री किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। रैपिड रिस्पांस टीम जिला स्तर पर 1 एवं विकासखंड एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर 38 टीम गठित हैं, कुल टीम की संख्या 39 है। जिसमें विकासखंड निकुम-14, धमधा-09, पाटन-07, शहरी दुर्ग-03, शहरी भिलाई-05 एवं चरोदा-01 टीम बनाया गया है। प्रत्येक ग्राम/बसाहट के पेयजल स्त्रोतों की पहचान तथा मानचित्रीकरण कराने एवं नियमित रूप से जलशुध्दिकरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, आम दिनों में कुओं में सप्ताह में एक बार ब्लीचिंग पाउडर डलवाने तथा जल जनित संक्रामक रोगों के प्रकोप होने की स्थिति में प्रतिदिन प्रभावित क्षेत्र के हर कुएं का ब्लीचिंग पाउडर से जलशुध्दिकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

#### हमर लैब में जांच की सुविधा

संक्रामक रोगो के प्रकोप होने पर उनका पैथालाजी जाँच जिला अस्पताल स्थित हमर लैब में जॉच किये जाने की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है व जिले के विभिन्न प्रायवेट लैब में भी महामारी संबंधित जॉच सुविधा उपलब्ध है। सभी मितानिनों को उनकी दवा पेटी में आवश्यक दवाईयाँ ओ.आर.एस. पैकेट, क्लोरिन गोली, ब्लीचिंग पावडर, पैरासिटॉमाल गोली आदि दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया गया है।



#### गर्मी से बचने दिशा-निर्देश जारी

आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये गये हैं, जिसमें लू के लक्षण, लू से बचाव के उपाय, प्रारंभिक उपचार, अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्था (ओ.आर.एस. कॉर्नर की स्थापना, स्वास्थ्य केन्द्र में कूलर आदि के माध्यम से ठंडी हवा का प्रबंध करना) करने हेतु निर्देश दिये गये हैं। प्रत्येक मरीज को लू से बचाव की जानकारी अनिवार्य रूप से दिये जा रहे है।

#### दवाइयों की उपलब्धता के निर्देश

प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था में पर्याप्त मात्रा में महामारी नियंत्रण हेतु आवश्यक सभी दवाईयाँ जैसे क्लोरिन टेबलेट, ब्लीचिंग पाउडर, ओ.आर.एस. पैकेट, एन्टीबायोटीक्स, एन्टी एमेटीक्स, एन्टी मलेरियल्स एवं आई. व्ही. फ्लूइड्स के साथ-साथ एंटी स्नेक वीनम एवं एन्टी रेबीज सीरम आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में तथा सीजीएमएससी में दवाईयाँ पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी व्यवस्था किये गये है।

# प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला शंकर नगर में न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधान मंत्री पोषक आहार योजना अंतर्गत विगत दिनों शासकीय प्राथमिक शाला महर्षि दयानंद सरस्वती एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला शंकर नगर में हिर्री धमधा पूर्व माध्यमिक स्कूल की प्रधान पाठक वर्षा हरिहरनो द्वारा छोटे भाई कमल वैष्णव के जन्मदिन पर स्कूल के 60 बच्चो को खीर, पूड़ी, चना की सब्जी खिला कर नेवता भोजन कराया गया। नेवता भोजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिर्री प्रधान पाठक वर्षा हरिहरनो, अभिषेक हरिहरनो, उमा मानिकपुरी, रमाकांत देशमुख, सरिता मेश्राम, पूनम सोनवानी, संजय शर्मा, प्रशांत पालीवाल, संदीप पटेल आदि उपस्थित रहें।



# शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना दो माह बाद, ट्रस्ट मोड में ही संचालन के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के लोगों को निशुल्क उपचार की सुविधा दिलाने के लिए शहीद वीरनारायण सिंह स्वास्थ्य सहायता योजना को दो माह बाद ही लागू किए जाने की संभावना है। इंश्योरेंस कंपनी के साथ लेनदेन को लेकर बनने वाली विवाद की स्थिति को देखते हुए इसका संचालन ट्रस्ट के माध्यम से किए जाने की संभावना है। इसके लिए चिकित्सकीय संगठन के प्रतिनिधि पहले ही सहमति जता चुके हैं।

बजट के दौरान राज्य के लोगों को पात्रता के अनुसार निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए शहीद वीरनाराण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का संचालन करने की घोषणा कई है। इस योजना के लिए 1526 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। सूत्रों के अनुसार नए वित्तीय वर्ष से इसे लागू किया जाना था, मगर आचार संहिता लागू होने की वजह से इसे कार्यरूप में लाने के लिए दो माह और इंतजार करना होगा। अभी राज्य में डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का संचालन किया जाता है, जिसमें अस्पतालों को उपचार की राशि का भुगतान ट्रस्ट मोड के माध्यम से किया जाता है। शासन और अस्पताल के बीच इस योजना में इंश्योरेंस कंपनी को लाने का विचार किया जा रहा था, मगर पुराने कार्यकाल के दौरान होने वाली विवाद की स्थिति को देखते हुए इसे त्याग दिया गया है। अभी अस्पतालों को ट्रस्ट के माध्यम से राशि का भुगतान किया जाता है, जिसमें विवाद की स्थिति बहुत कम बनती है। पिछले दिनों चिकित्सकीय संगठन द्वारा स्वास्थ्य सहायता योजना का संचालन ट्रस्ट मोड के माध्यम से किए जाने की सिफारिश स्वास्थ्य मंत्री से कई गई थी।

### बजट में की गई है घोषणा, लागू करने आचार संहिता शिथिल होने का इंतजार

■ बीमा कंपनी के साथ लेनदेन था विवादों में, चिकित्सकीय संगठन दे चुकी सहमति



**शासन स्तर पर फैसला**

स्वास्थ्य योजना का संचालन किस प्रकार और कब से किया जाएगा, इसका निर्णय शासन स्तर पर लिया जाएगा।
- डॉ. खेमराज सोनवानी, उपसंचालक, नोडल एजेंसी स्वास्थ्य योजना

### अनुबंध का इंतजार

स्वास्थ्य सहायता के तहत मरीजों को उपचार की सुविधा देने के लिए राज्य के करीब दो सौ छोटे-बड़े अस्पताल इंपैनल लिस्ट में शामिल होने का इंतजार कर रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि नियम का हवाला देकर पिछले दो साल से अस्पतालों का नाम इस सूची में शामिल नहीं किया जा रहा है। आईएमए रायपुर अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि अभी 80 से 90 प्रतिशत मरीज अपने उपचार के लिए इस स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ लेते हैं, ऐसे में पंजीयन नहीं किए जाने से अस्पतालों का संचालन मुश्किल हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### शनिदेव मंदिर में ज्योति कलश के लिए पंजीयन शुरू

**रायपुर।** प्राचीन शनिदेव मंदिर सदर बाजार चुड़ीलाइन में चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर 9 अप्रैल को नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति कलश के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इसके लिए पंजीयन शुरू हो चुका है। इसमें तेल ज्योति, घी ज्योति मंदिर में पंजीकृत कराकर पावती ले सकते हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी प्राचीन शनिदेव मंदिर में नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति कलश स्थापना की जा रही है। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर भक्तों को पूर्व सूचित किया जा रहा है कि 9 अप्रैल को नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति कलश के लिए पंजीयन शुरू किया जा रहा है।

### संगीतमय श्रीराम कथा आज से

**रायपुर।** संगीतमय भव्य श्रीराम कथा 31 मार्च से 6 अप्रैल तक सर्वदेव मंदिर परिसर कबीरनगर में शाम 4.30 से 7.30 बजे तक होने जा रही है। इसमें श्रीरामकिंकर महाराज के शिष्य मानस मर्मज्ञ आचार्य रामसिया गौतम महाराज कथा का वाचन करेंगे। 6 अप्रैल को शाम 7 से 8.30 बजे तक भंडारा का आयोजन किया गया है।

### मेकाहारा की मरच्यूरी में तीन लाशें, जांच टीम गठित



**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल (मेकाहारा) की मरच्यूरी में कोविडकाल से पड़े तीन शवों के मामले की जांच के लिए सात सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जारी आदेश में उपसंचालक स्वास्थ्य सेवा डॉ. डीके तुर्रे, उपसंचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ. तरूणेश राज, सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी, आंबेडकर अस्पताल के फॉरेंसिक विभाग के डॉ. नागेंद्र सोनवानी, डीके अस्पताल के बर्न प्लास्टिक विभाग के डॉ. दक्षेश शाह तथा चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शिप्रा शर्मा को शामिल किया गया है। कमेटी सात दिन के भीतर अपनी जांच पूरी कर संपूर्ण तथ्यों के साथ अपना प्रतिवेदन पेश करेगी।

### आईपीए की पहल पर फार्मेसी छात्राओं को राहत

**रायपुर।** इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन की पहल पर शार्ट अटेंडेंस के नाम पर विद्यार्थियों से निजी फार्मेसी कॉलेज द्वारा की जा रही वसूली के मामले में राहत मिली है। आईपीए के सचिव राहुल वर्मा ने बताया कि छात्राओं ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्कयूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च द्वारा उनसे विभिन्न कारणों से 80 हजार रुपए की मांग की जा रही है। एसोसिएशन ने बिना रसीद पैसा उगाही करने की लिखित शिकायत पुलिस और फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया, स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के अधिकारियों से की, जिससे प्रभावित छात्राओं को राहत मिली।

### डायरिया पीड़ितों के इलाज के लिए विधायक साहू ने किया डॉक्टरों को निर्देशित

**रायपुर।** लाभांडी स्थित संकल्प सोसाइटी में डायरिया फैलने की सूचना मिलने पर स्थानीय विधायक मोतीलाल साहू ने बीमार नागरिकों को मेकाहारा में भर्ती करवाया। जिन पीड़ितों में लक्षण दिखाई दे रहे थे उनके लिए स्वास्थ्य विभाग से 5 डॉक्टरों की टीम गठित की गई, जो संकल्प सोसाइटी में तैनात है। राजकुमार राठी ने बताया कि विधायक मोतीलाल साहू ने मेकाहारा के डॉक्टरों को डायरिया से पीड़ित मरीजों का समुचित इलाज करने के लिए डॉक्टरों को निर्देशित किया। श्री राठी ने बताया कि 21 गंभीर रूप से पीड़ित पाए जाने पर उन्हें मेकाहारा में भर्ती करवाया गया था, जहां 6 मरीजों के स्वास्थ्य होने के बाद अब 15 मरीजों का इलाज जारी है।

## अब नगर निगम करेगा संचालन व देखरेख

# ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस नहीं, स्मार्ट सिटी ने किया एजेंसी का अनुबंध निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने लोगों को सुविधा देने के उद्देश्य से अनेकों जगहों पर ई-टॉयलेट का निर्माण कराया है, जिसके मेंटनेंस का ठेका पहले हैदराबाद की एक कंपनी को दिया गया था, लेकिन यह कंपनी एक साल में ही रफूचक्कर हो गई।

इसके बाद रायपुर की होप फॉर ह्यूमिनिटी एजेंसी से टॉयलेट का मेंटनेंस करने का अनुबंध किया था, लेकिन यह एजेंसी भी पिछले कई महीनों से टॉयलेट का मेंटनेंस तक नहीं कर पाई है। स्थिति यह है कि अब टायलेट कबाड़ हो चुके हैं, जिसके कारण इन टॉयलेट में लगे पाट्र्स खराब हो चुके हैं। स्मार्ट सिटी ने अब इस एजेंसी का अनुबंध भी निरस्त कर दिया है। ई-टायलेट के मेंटनेंस का काम अब नगर निगम करेगा।

### नगर निगम को हैंडओवर

नगर निगम कमिश्नर और रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने पिछले दिनों शहर के सभी 32 ई टायलेट के संचालन और देखरेख का औचक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण में मेंटनेंस के अभाव में टायलेट कबाड़ होते मिले। इसे देखते हुए उन्होंने एजेंसी का अनुबंध निरस्त कर इन टायलेट को नगर निगम को हैंडओवर करने के निर्देश दिए हैं। अब ई टायलेट का संचालन और मेंटनेंस नगर निगम करेगा।




### ढाई करोड़ से अधिक लागत से बनाए गए हैं 32 ई-टॉयलेट

राजधानी में स्मार्ट सिटी ने ढाई करोड़ से अधिक लागत से वर्ष 2019-20 में 32 ई-टॉयलेट का निर्माण कराया था। इन टॉयलेट के निर्माण के पीछे स्मार्ट सिटी का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को सुविधा देना था, क्योंकि शहर के भीड़-भाड़ एवं व्यवसायिक इलाकों के सार्वजनिक स्थानों पर टायलेट नहीं होने से लोगों को परेशानी होती थी। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती है। स्मार्ट सिटी ने इन टॉयलेट का निर्माण एवं मेंटनेंस के लिए हैदराबाद की एक कंपनी से अनुबंध किया था। कंपनी से इसके लिए 72 लाख रुपए सेक्योरिटी के रूप में जमा कराया था, लेकिन टायलेट निर्माण के बाद कंपनी कुछ महीनों के बाद ही फरार हो गई, जबकि अनुबंध के अनुसार कंपनी को पांच साल तक टायलेट का मेंटनेंस करना था। इधर स्मार्ट सिटी ने कंपनी के गायब होने के बाद 72 लाख की सेक्योरिटी रकम को राजसात कर लिया। इस कंपनी के गायब होने के बाद वर्ष 2021 तक टायलेट का मेंटनेंस नहीं हो पाया। वर्ष 2022 में स्मार्ट सिटी ने फिर से इन टायलेट के मेंटनेंस के लिए रायपुर की होप फॉर ह्यूमिनिटी एजेंसी से अनुबंध किया। इस एजेंसी ने भी शर्तों के अनुसार टायलेट का मेंटनेंस नहीं किया।

# शहडोल के रूपोंद सेक्शन पर तीसरी लाइन का काम पूरा, जल्द दौड़ेंगी ट्रेनें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



अधोसंरचना विकास व ट्रेनों के गतिशील परिचालन के लिए रेल मंडल में नई रेललाइन, दोहरी लाइन, तीसरी लाइन और चौथीलाइन का कार्य व्यापक स्तर पर कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अनूपपुर-कटनी स्टेशनों के मध्य 165.52 किमी विद्युतीकृत तीसरी लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। विलायतकलां रोड-रूपोंद स्टेशनों के मध्य 8.7 किमी विद्युतीकृत नई तीसरीलाइन का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसका रेलवे सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण रिपोर्ट पर हरी झंडी मिलती है तो जल्द इस सेक्शन पर ट्रेनें दौड़ने लगेंगी।

■ मोटर ट्राली से आयुक्त रेलवे सेफ्टी ने किया निरीक्षण

### मोटर ट्राली से किया निरीक्षण

इंटरलाकिंग सहित सम्पूर्ण कार्य पूरा होने के बाद आयुक्त रेलवे सेफ्टी को निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने विलायतकलां रोड-रूपोंद स्टेशनों के मध्य 8.7 किमी विद्युतीकृत लाइन का निरीक्षण कार्यक्रम के तहत एसई सर्कल के आयुक्त रेलवे सेफ्टी बीके मिश्रा, निरीक्षण दल के साथ विशेष गाड़ी से विलायतकलां रोड स्टेशन पहुंचे। विलायतकलां रोड स्टेशन व संपूर्ण यार्ड का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने विलायतकलां रोड-रूपोंद नई लाइन का मोटर ट्राली से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, कर्व के मानकों के साथ ही सिग्नलिंग उपकरण व परिचालन एवं संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अवलोकन किया।

### अब मंजूरी का इंतजार

आब्जर्वेशन कार के साथ स्पीड ट्रायल भी किया गया। उन्होंने रूपोंद स्टेशन में संरक्षा निरीक्षण भी किया। आयुक्त, रेलवे सेफ्टी से अनुमति मिलने के बाद इस नई तीसरी लाइन पर निर्बाध रूप से ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ होगा। इससे ट्रेनों के परिचालन में गतिशीलता आएगी। ट्रेनें यातायात दबाव में खड़ी नहीं होंगी। उनके साथ निरीक्षण दल में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मंडल रेल प्रबंधक सहित मंडल व मुख्यालय के संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

## जो वापस ले गए वे जमा करने पहुंचने लगे

# विधानसभा चुनाव के बाद कई लोग लाइसेंसी जमा हथियार ले नहीं गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ आचार संहिता लगने के बाद से जिले में लाइसेंसी हथियार जमा कराने की प्रक्रिया शुरू

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू हो गई है। इसके साथ ही रायपुर जिले के थानों में लाइसेंसी हथियार जमा होना भी शुरू हो गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जिले में अब तक 70 प्रतिशत हथियार थानों में जमा हो चुके हैं, वहीं शेष हथियार भी जल्द ही जमा करा लिए जाएंगे। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा की दृष्टि से सरकारी कर्मचारियों एवं बैंकों में पदस्थ सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के हथियार जमा नहीं कराए गए हैं।

### दो हजार से अधिक लोगों को लाइसेंस जारी

रायपुर जिले में प्रशासन ने 2 हजार से अधिक लोगों को हथियार लाइसेंस जारी किया है। इसमें करीब 30 प्रतिशत लाइसेंस सरकारी विभाग, संस्था एवं विभिन्न सरकारी एवं निजी बैंकों में सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी करने वालों को जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार आचार संहिता के दौरान वैसे तो सरकारी कर्मचारियों को छोड़कर अन्य सभी के लाइसेंस चुनाव तक निलंबित कर दिए जाते हैं, लेकिन निजी बैंकों एवं अन्य संस्था की सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा गार्डों के लाइसेंस आवेदन करने पर बहाल भी किए जाते हैं। ऐसे कई निजी बैंकों के सुरक्षा गार्ड हैं, जिनके लाइसेंस बहाल कर उनके हथियार थानों में जमा नहीं कराए गए हैं। इस तरह निलंबित लाइसेंस में अब तक करीब 11 सौ हथियार जमा करा लिए गए हैं।

### 10 प्रतिशत हथियार विधानसभा चुनाव से जमा

विधानसभा चुनाव के दौरान जिले में लाइसेंस हथियार जमा कराए गए थे। इनमें से करीब 10 प्रतिशत हथियार थानों में ही जमा है। इन हथियारों को जमा कराने वालों को पता था कि आगामी कुछ महीनों में लोकसभा चुनाव होना है, जिसके लिए फिर आचार संहिता लगेगी। इसके कारण उन्हें हथियार फिर थाने में जमा कराना होगा, इसलिए वे जमा हथियार वापस लेकर ही नहीं गए।

**70 प्रतिशत जमा हो चुके हथियार**

आचार संहिता लगने के बाद से लाइसेंसी हथियार लोग थानों में जमा करा रहे हैं। अब तक 70 प्रतिशत हथियार जमा हो चुके हैं। इनमें करीब 10 प्रतिशत हथियार विधानसभा चुनाव के दौरान से जमा हैं। - **संतोष सिंह,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर

### बदले ठिकाने हो चुके अपडेट, पुलिस को नहीं बहाना पड़ा पसीना

विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगने के बाद भी कई लोग हथियार जमा कराने थाने नहीं पहुंचे थे। पुलिस ऐसे लोगों से हथियार जमा करने उनके घर तक पहुंच रही थी। इसके लिए पुलिस को काफी पसीना भी बहाना पड़ा था, क्योंकि लाइसेंस लेने वाले कई लोगों ने अपना ठिकाना के साथ मोबाइल नंबर तक बदल दिया था। इन लोगों ने पुलिस के उनके घर पहुंचने के बाद अपना पता और मोबाइल नंबर एडीएम कार्यालय में जाकर अपडेट कराया। इसके बाद लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस को भी अब हथियार जमा कराने के लिए लोगों का न ही ठिकाना ढूंढने की जरूरत पड़ रही है और न ही उनके घर जाना पड़ रहा है।

# पुरानी बसों का एसी खराब, वसूल रहे पूरा पैसा, यात्रियों को नहीं मिल रही ठंडी हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी का मौसम शुरू होने के बाद अब ज्यादातर यात्री बस में भी एसी सीट में सफर करना चाहते हैं, लेकिन रायपुर से जशपुर, अंबिकापुर, बनारस और झारसुगुड़ा की ओर जाने वाली बसों का एसी खराब हो चुका है। यात्री की सीट के पास लगा एसी का पंखा बंद है। यात्रियों को गर्म हवा के साथ बस में सफर करना पड़ रहा है। बस के एसी में दिक्कत होने से यात्रियों और बस कंडक्टर के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। बस संचालक बुकिंग के दौरान बस में एसी सही होने का दावा करते हैं, लेकिन जब यात्री अपनी सीट पर पहुंचता है, तो पता चलता है, एसी नहीं चल रहा है।

■ एसी सीट के केबिन तक नहीं पहुंच रही एसी की ठंडी हवा

ज्यादातर पुरानी बसों में यात्री सीट पर लगा पंखा काम नहीं कर रहा है। 10 से 15 सीटों के बीच बस के ऊपर एक एसी ही काम कर रहा है, जिसकी ठंडकता यात्रियों तक नहीं पहुंच पाती। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला रात में रायपुर से गुजरने वाली पुरानी बसों में एसी की दिक्कत है। जिन बसों का एसी काम नहीं कर रहा है, इसकी जानकारी भी यात्रियों को बुकिंग के दौरान नहीं दी जा रही। झारसुगुड़ा से रायपुर पहुंचे यात्री श्लोक रूपरेला ने बताया कि बस में एसी का पंखा बंद था। एसी में सफर करने सामान्य टिकट से 200 रुपए अधिक दिया था।




■ बस में एसी सीट का पैसा लेने के बाद यात्रियों को नहीं दे रहे सुविधा
■ ऑनलाइन टिकट खरीदने वाले यात्रियों की शिकायत अधिक

**रात में दो से तीन घंटे चलता है एसी**

जिन बसों में एसी सही है, उन बसों में सफर करने वाले यात्रियों ने बताया कि एसी सीट का पैसा लेने के बाद भी केवल रात में दो से तीन घंटे ही एसी चालू रहता है। इसके बाद केबिन का पंखा बंद हो जाता है। सफर के दौरान पूरे समय तक एसी की सुविधा नहीं मिलती। टिकट बुकिंग के दौरान जो दावा किया जाता है, हकीकत में यात्रियों को इसकी सुविधा बसों में नहीं दी जा रही है। खराब एसी को लेकर अब बसों में विवाद की स्थित बढ़ गई है।

### एसी सीट का वसूला 200 रुपए अधिक किराया

बसस्टैंड में रात को जगदलपुर व अंबिकापुर की ओर जाने वाली 3 बसों में एसी केबिन का पंखा बंद बताया जा रहा है। एसी सीट के लिए बुकिंग के दौरान यात्रियों को दूरी अनुसार 100 से 200 अधिक किराया लिया जा रहा है, लेकिन यात्रियों को इसकी सुविधा नहीं मिल रही है। केबिन में एसी की ठंडी हवा यात्रियों को नसीब नहीं हो रही। इसके अलावा बसस्टैंड में कुछ बस संचालक एसी बंद होने से यात्रियों से सामान्य सीट का किराया ले रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन एसी सीट का पूरा पैसा वसूलने के बाद भी यात्रियों को सुविधा नहीं दे पा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उनका मंत्रिमंडल होगा शामिल

# कांकेर में 2, महासमुंद में 3 और राजनांदगांव में 4 अप्रैल को शक्ति प्रदर्शन के साथ होगा भाजपा का नामांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर बिसात बिछ चुकी है। भाजपा ने दूसरे चरण के चुनाव के लिए तीन लोकसभाओं में नामांकन को लेकर अलग रणनीति बनाई है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के कई मंत्रियों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन किया जाएगा। तीन लोकसभाओं के लिए 2 से 4 अप्रैल की तिथि तय की गई है। एक-एक दिन, एक-एक लोकसभा में नामांकन किया जाएगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस बार सभी 11 की 11 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री साय की लगातार सभाएं कराई जा रही हैं। शनिवार 30 मार्च को उनकी पहली सभा कोंडागांव में 11 बजे और दो बजे अंतागढ़ में सभा होगी। इसके बाद 31 मार्च को उनकी दो सभाएं और एक सम्मेलन होगा। ये तीनों कार्यक्रम कांकेर लोकसभा में होंगे। इसमें पहली सभा 11 बजे केशकाल विधानसभा के गांव हारवेल में होगी। इसके बाद दोपहर दो बजे सिहावा नगरी में आमसभा होगी। अंत में डोंगर डुला में साहू समाज के सम्मेलन में मुख्यमंत्री शामिल होंगे।



### साय नामांकन रैलियों में होंगे शामिल

दो अप्रैल को मुख्यमंत्री साय और उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्री कांकेर लोकसभा के प्रत्याशी भोजराज नाग की नामांकन रैली में 12 बजे शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर को दो बजे दुर्ग लोकसभा के साजा में मुख्यमंत्री की आमसभा होगी। तीन अप्रैल को मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के मंत्री महासमुंद की भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी की नामांकन रैली में शामिल होंगे। इसी दिन दोपहर तीन बजे जांजगीर चांपा लोकसभा के बिलाईगढ़ में श्री साय आमसभा को संबोधित करेंगे। चार अप्रैल को मुख्यमंत्री और साय मंत्रिमंडल के कई सदस्य राजनांदगांव के लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडेय की नामांकन रैली में 12 बजे शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री इसी दिन दोपहर को तीन बजे बेमेतरा में जनसभा करेंगे।

# 19 अप्रैल से 1 जून तक एग्जिट पोल प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल से 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को प्रातः 7 बजे से 1 जून 2024 की शाम साढ़े छह बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।



## खबर संक्षेप



### होली करता है हृदय को आनंदित : कुंवर सिंह

**गुण्डरदेही।** ग्राम गुरेदा में नवयुवक फाग उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित दो दिवसीय फाग गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक कुंवर सिंह निषाद ने भगवान श्री कृष्णा की पूजा-अर्चना कर किया। इसके बाद वे ग्राम देवगहन में कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। विधायक निषाद ने कहा कि फाग गीत युगों से चली आ रही है, गांव एवं शहरों में फागुन मास में जगह–जगह फाग गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिसमें ग्रामीण अपनी एकजुटता दिखाते हुए सबको साथ मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देते हैं। वहीं होली जैसा हृदय को आनंदित करने वाला कोई दूसरा पर्व नही है। रंगों से सराबोर लोग एक-दूसरे के गले मिलके आपसी एकजुटता, प्रेम और सौहार्द का संदेश देते है। हिंदू धर्म में होली महत्वपूर्ण स्थान रखती है। जहां इसे धर्म से जोड़ते हुए अधर्म पर जीत का पर्व माना गया है।

### शेयर मार्केट के नाम पर लाखों की ठगी

भिलाई। शेयर मार्केट के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि हर्षिल रायल कातुलबोर्ड दुर्ग निवासी श्रीकुमार पिल्लई शेयर मार्केट मे ट्रेडिंग का काम करता है। इसे लेकर वाट्सएप ग्रुप एलआरओ में उसे जोडा गया। ग्रुप के माध्यम से क्रिश ब्रायन नामक व्यक्ति ने शेयर ट्रेंडिंग में ज्यादा लाभ का झांसा दिया था। क्रिश ब्रायन अपने मोबाईल नंबर से पीड़ित को ग्रुप से जोडा था। क्रिश ब्रायन के टिप्स से पीड़ित को लाभ मिला। जिसकी राशि उसके बैंक खाते में जमा भी हुई। 16 जनवरी 2024 को 3000 रुपए और 25 जनवरी 2024 को 62, 900 रुपए खाते में क्रेडिट हुआ। फायदा राशि खाते में जमा होने से पीड़ित झांसे में फंस गया। इसके बाद क्रिश ब्रायन के बताए अनुसार पीड़ित ने विभिन्न खातों से 8 लाख 42 हजार 850 रुपए जमा कर दिए। इसके बाद पीड़ित शेयर मार्केट के नाम पर 8 लाख 42 हजार 850 रुपए का ठगी आरोपी द्वारा किया गया।

### कॉलेज प्रवेश के नाम पर 12 लाख की धोखाधड़ी

**भिलाई।** कॉलेज में प्रवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। कोतवाली दुर्ग ने बताया कि मोहलाई रोड, वार्ड नंबर 56, बघेरा दुर्ग निवासी अशोक कुमार गुप्ता ने शिकायत किया है कि बालाजी एजुकेशन सर्विसेस नेहरू नगर के दो प्रोपराइटर गोपाल प्रसाद और देवराम साहू ने रुपए लेकर दवा प्रतिनिधि को प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश दिलाने का झांसा दिया। जिसके एवज में 12 लाख 75 रुपए का धोखाधड़ी किया। पीड़ित तो आरोपियों ने बीएमएस कालेज में डॉक्टरी शिक्षा के लिए प्रवेश दिलाने के नाम पर रुपए लिया था। आरोपियों ने रुपए 1 जून 2021 से लेकर 2 जुलाई 2023 के मध्य रुपए लिए थे। रकम लेने के बाद भी अशोक कुमार गुप्ता को अच्छे कालेज में एडमिशन नहीं दिलाया गया। उसके बाद भी पीड़ित का रुपए नहीं लौटाया गया। पीड़ित ने रुपए इंदिरा मार्केट दुर्ग स्थित बैंक आफ इंडिया से आरटीजीएस और एनईएफटी के माध्यम से देवराम साहू के एक्सीस बैंक खाते में 9 लाख 75 हजार रुपये और गोपाल प्रसाद के खाते में 1 लाख रुपए दिए थे।

# रंगोली बनाकर छात्राओं ने दिया शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश

## घनश्याम कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान बालोद जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निरंतर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

इसी क्रम में घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के द्वारा लोकतंत्र में मतदान के महत्व को रेखांकित करते हुए आकर्षक एवं रंग–बिरंगे रंगोली बनाकर तथा प्रश्न






मंच का आयोजन कर जिले के मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया।



इस दौरान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक परिपक्व एवं सशक्त बनाने में सहभागिता सुनिश्चित करने विद्यार्थियों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की भी शपथ दिलाई। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## सियासत : अब की बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में जुटे पार्टी कार्यकर्ता

# भाजपा का बूथ विजय संकल्प अभियान शुरू, कार्यकर्ताओं ने घरों में लगाया झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश संगठन के निर्देश पर सम्पूर्ण भारत में 30 मार्च को विजय संकल्प अभियान का शुभारंभ हुआ।

- भाजपा जिला उपाध्यक्ष जायसवाल ने अपने घर के साथ ही पड़ोस में भी लगाया झंडा

पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों में भाजपा का झंडा लगाकर अभियान की शुरुआत की। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने अपने घर के साथ ही वार्ड क्रमांक 3 के विभिन्न घरों में उनकी सहमति लेकर पार्टी का झंडा लगाया। उनके साथ पार्टी पदाधिकारी जगत पाल सिन्हा व धीरेंद्र टांक भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में श्री मोदी को 400 सीटों के साथ एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के लिए विजय संकल्प अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता दृढ़ संकल्पित होकर अपने अपने घरों में पार्टी का झंडा लगा रहा है।





### खप्परवाड़ा में भाजपाइयों ने घरों में लगाया पार्टी का झंडा

गुण्डरदेही। भारतीय जनता पार्टी विजय संकल्प अभियान के तहत शनिवार को खप्परवाड़ा में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर घर–घर में झंडा रोहण किया गया। सभी लोगों ने अपने–अपने घर में झंडा लगाकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए व कांकेर लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भोजराज नाग को वोट देकर विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्रमोद जैन, धनेश चंद्राकर, सेवक देवांगन, सेवक चंद्राकर, गौकरण चंद्राकर, देवलाल देवांगन, उत्तम कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष भारत चंद्राकर, तिलक राजपूत, करण निर्मलकर, केवल चंद्राकर, गजेंद्र चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, हेमंत चंद्राकर, गुलाब चंद्राकर व भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परसतराई शक्ति केंद्र में बूथ विजय संकल्प अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपना प्रचार-प्रसार और सांगठनिक कार्यों पर पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में लाभार्थी जन संपर्क अभियान व विजय पताका संकल्प अभियान के तहत बालोद जिला के अर्जुन्दा मंडल के परसतराई शक्ति केंद्र में प्रभारी व भाजपा महामंत्री विश्वास जीतू गुप्ता ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर प्रत्येक बुथ में पिछले लोकसभा चुनाव मिले मत



### 18 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

से 370 मतदान अधिक भाजपा के पक्ष में कराने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने की बात कही।

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सूर्यकांत गजेंद्र, पूर्व जनपद सदस्य मेहतरू ठाकुर, सतीश साहू व गिरीश पाटिल ने हेम रवि सिन्हा, रिंकू सिन्हा, तरुण सिन्हा, चिंता सिन्हा, तरुण ठाकुर, सतीश नेताम, निशांत देशमुख, चुम्मन सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, कृष्णा पाटिल, मूलचंद देशमुख, ललित देशमुख, ओमेश्वर सिन्हा, भूपेश सहित लगभग 18 नए मतदाताओं को भाजपा प्रवेश करवाया। भाजपा महामंत्री विश्वास जीतू गुप्ता ने नए सदस्यों को भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत करते हुए भाजपा की सदस्यता दिलाई।




### भाजपा अंजोरा मंडल का बूथ विजय संकल्प अभियान शुरू

अंडा। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत अंजोरा मंडल के ग्राम पीपरछेड़ी के बुथ क्रमांक 17 में राम कुमार निषाद के घर में व अंजोरा में पार्टी झण्डा लगाकर बूथ विजय संकल्प अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, राम कुमार निषाद, दिलीप कुमार साहू, महेश निषाद, शिवकुमार साहू, राकेश रावला, सुखदेव देवांगन, जिला कार्यकारिणी सदस्य ओम सिंग, डा नरेंद्र निषाद सहित अंजोरा मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## महुआ बीनने में जुटे वनांचल के ग्रामीण



### खरीदी के लिए घर तक पहुंच रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले का एक तिहाई हिस्सा जंगलों से घिरा हुआ है, जहाँ के वनांचल क्षेत्र के ग्रामीण अपने जीविकोपार्जन के लिए वनोपज पर निर्भर रहते हैं, जो वनों से प्राप्त वन संपदाओं का संचयन कर अपनी जरूरतों को पूर्ण करते हैं। वर्तमान में ग्रामीण महुआ के फूलों का संग्रहण करने में जुटे हुए हैं।

जिले में इस वर्ष महुआ की फसल पिछले वर्ष की अपेक्षा कम नजर आ रही है। इसका मुख्य कारण बेमौसम बारिश और जलवायु परिवर्तन माना जा रहा है। बीते कुछ महीने में बेमौसम बारिश और तापमान में बहुत ही ज्यादा उतार चढ़ाव देखने को मिला। इसका सीधा असर महुआ के कम उत्पादन के रूप में देखने को मिल रहा है। महुआ मौसम के खुलने से गिरता है, लेकिन मौसम आए दिन खराब होने के कारण और बदली छाने के कारण महुआ के पेड़ों में फूलों के गुच्छे नजर नहीं आ रहे हैं।

इधर, बाजार में महुआ खरीदने के लिए व्यापारी सक्रिय हो गए हैं। वे बाजार और घरों तक पहुँचकर महुआ की खरीदी में जुटे हुए हैं। वर्तमान में व्यापारी 33 रूपये प्रति किलो की दर से महुआ की खरीद रहे हैं।

**महुआ बीनने में कम हो रही रूचि–** ग्रामीण कार्तिक राम साहू ने बताया कि महुआ का उत्पादन पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष कम है। खराब मौसम के कारण और समय पर पर्याप्त गर्मी नहीं होने के कारण महुआ के उत्पादन पर असर पड़ा है। पंचराम सिंग्रामे ने बताया कि पहले वनांचल क्षेत्र के लोग अन्य काम को छोड़ सिर्फ महुआ बीनने में रूचि लेते थे, लेकिन वर्तमान में महुआ का उत्पादन कम होने से लोग महुआ संचयन के लिए अब जंगल जाना छोड़ रहे हैं। पहले अधिकांश परिवार के लोग महुआ बीनने के लिए रात्रि से जंगलों में डटे नजर आते थे।

# अभी से आग उगलने लगा सूरज बढ़ते तापमान से लोग हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

ग्रीष्मकालीन मौसम के शुरुआती दौर में ही तापमान तेजी से बढ़ा है। जबकि सूर्य व काले बादलों के बीच लुका छिपी भी देखी जा रही है। इसके बावजूद दिन का तापमान 40 डिग्री तक पहुँच चुका है। इसके कारण लोगों का घरों से बाहर निकालना मुश्किल हो गया है। इसका असर आम जनता के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। जिले में मौसम लगातार करवट बदलते नजर आ रही है, कुछ दिनों पहले ही बेमौसाम बारिश का असर देखने को मिला, तो वहीं अब सूर्य की तपन का एहसास बहुत ही ज्यादा होने लगा है। इससे बचने के लिए राहगीरों के द्वारा गमछा उपयोग किया जा रहा है, वहीं अधिकांश लोग ठंडे पेय पदार्थो का उपयोग करते नजर आ रहे हैं। वहीं, ज्यादातर लोग सुबह और शाम को ही सफर कर अपने गंतव्य स्थल तक पहुँचने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। इसलिए दोपहर में आवागमन करने वाले राहगीरों की कमी सड़कों पर देखी जा रही है।

वहीं, सुबह से ही उमस भरी गर्मी का एहसास लोगों को होने लगता है। वहीं, बच्चों की टोली धूप और गर्मी से राहत पाने के लिए ज्यादातर मौज मस्ती के साथ तालाबों में नहाते नजर आने लगे हैं।



### तापमान कम करने के लिए कूलर व पंखे की मांग

गर्मी के मौसम के साथ ही हवाएं भी गरम हो जाती हैं। इसलिए बिजली के उपकरण सुधारने वाले लोगों के यहां ऐसे उपकरण सुधरवाने के लिए लोग पहुंचने लगे हैं। इसी तरहपंखा, कूलर और एसी खरीदने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है और ऐसी दुकानों में की भीड़ दिखाई देने लगी है।

**गर्मी में फल और जूस की माँग बढ़ी–** गर्मी के कारण गन्ना रस, नीबू पानी जैसे अनेक कोलड्रिंक की मांग बढ़ते क्रम पर है, वहीं बाजार में फलों की मांग भी बढ़ गई है। ज्यादातर लोग गर्मी से राहत पाने के लिए विभिन्न प्रकार के फल जैसे अंगूर, कलिंदर, खरबूज की खरीदी करते नजर आ रहे हैं। वहीं, गर्मी के राजा फल आम का आगमन हो गया है।

# जिला पंजीयक अधिकारी मीना को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

स्थानीय जिला पंजीयक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रही जिला पंजीयक अधिकारी मीना वाढेरा को अधिकारी तथा कर्मचारियों ने शॉल-श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया।

इस अवसर पर वाढेरा ने अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि विभागीय कार्यों में सभी ने मुझे पूरा सहयोग किया। खासकर ऐसी परिस्थितियों में जब उच्च अधिकारियों के निर्देशों का समयावधि में पालन आदि हो। कभी–कभी मेरे द्वारा भी सहयोगियों के प्रति कठोर शब्द का प्रयोग किया गया, किन्तु किसी ने भी नाराजगी जाहिर नहीं की, बल्कि कार्य की गंभीरता को समझा। अंत में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में बालोद उपपंजीयक वेद प्रकाश सहारे ने बताया कि वाढेरा का उन्हें सदैव ही समुचित मार्गदर्शन मिलता रहा, यह सुखद अनुभव अविस्मरणीय रहेगा। गुरुर उपपंजीयक रश्मि सोनी ने कहा कि वाढेरा ने कार्यालीन स्टाफ को परिवारिक माहौल भी प्रदान किया। बालोद दस्तावेज लेखक संघ अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दुबे ने वाढेरा के आदर्श व्यवहार व सफल नेतृत्व का वर्णन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुण्डरदेही उपपंजीयक विजय मुले, लोहारा उपपंजीयक दिनेश लाड़के सहित नरेंद्र यादव, विजय त्रिपाठी, पंकज साहू, पूनम मेश्राम एवं बालोद दस्तावेज लेखक संघ से शिव कुमार सिंह गौतम, जुनैद कुरैशी, भूपेंद्र कुमार चंद्राकर, गोल्डी सिंह गौतम, जनक चंद्राकर, मनोहर लाल साहू एवं स्टाम विक्रेता सदस्य उपस्थित थे।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


# 227 वाहन चालकों का लाइसेंस सस्पेंड करने भेजा आरटीओ

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर 227 वाहन चालको के लायसेंस सस्पेंड करने परिवहन विभाग को बेजा है। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि कुल 204 लायसेंस अब तक सस्पेंड किया गया है। 23 प्रकरण में वाहन चालको को नोटिस जारी की गई है। जिसमें से 1 प्रकरण धारा 304 ए के तहत लंबित है। ट्रैफिक 227 प्रकरण में से 148 प्रकरण छ.ग. राज्य के सभी जिलों और 56 प्रकरण अन्य राज्यों के वाहन चालको का भेजा गया है। सुप्रीम कोर्ट के गाईड लाईन के अनुसार मोटर व्हीकल एक्ट के 07 धाराओं जिसमें तेज रफ्तार वाहन चालन, रेड सिग्नल जम्प, शराब सेवन कर वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग करना, वाहन चालन करना और माल वाहक में ओवर लोड माल ले जाना में वाहन चालको के लायसेंस सस्पेड करने का निर्देशित किया गया है।





